# गंगा एक्सप्रेस वे पर 120 की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना की सचिव समिति की बैठक में एक्सप्रेसवे योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें एक्सप्रेस वे को छह लेन बनाने के साथ ही इसकी डिजाइन स्पीड 120 किमी. प्रति घंटे प्रस्तावित की गई है।

यह एक्सप्रेस वे राज्य के 12 जिलों के 519 ग्रामों से होकर गुजरेगा। इस एक्सप्रेस वे पर नौ जनसुविधा परिसर भी बनाए जाएंगे। मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्य सचिव ने परियोजना को समय से पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के लिए तत्परता से कार्यवाही की जाए।

**02** मुख्य टोल प्लाजा तथा 15 रैम्प टोल प्लाजा प्रस्तावित